Another suggestion I could make is this. I have been watching this food problem being discussed, being evolved, being implemented for the last 18 years. I was a member of the Provisional Parliament also. Ever since that time the same proposals have been there. Whatever the present Minister has formulated and adumbrated in his speech here and elsewhere, the same suggestions have been made, discussed and approved before. It is only at the stage of implementation that it has failed. I am very happy, the hon. Food Minister has very frankly and very courageously pointed out the administrative deficiencies. It is, in fact, this administrative deficiency that is responsible for the present situation—it is not so much planning, it is not so much the formulation of policies. If, as they say, food has to be tackled on a war basis, do we really implement it—that very phrase, "tackling it on a war basis"? In the days when we were fighting with Pakistan every one of us was on his toes. The Cabinet formed a sub-committee. The Prime Minister was constantly in charge of day-to-day developments. If this food problem, the biggest problem which in the most tragic way is facing us to day is to be solved, the food portfolio should be taken by the Prime Minister and the food portfolios in the States must be taken by the Chief Ministers. Secondly, all the IAS and ICS people must be kept away from anything concerned with food and agriculture people who know about agriculture, namely, departmental people, engineers and technicians must be made responsible for

this work. A sweet-speaking Secretary in the Secretariat, either here or there, manages to become the Director in charge of food production. What incentive can these technical people have if a generalist comes and sits over their heads? He has neither the necessary knowledge the necessary psychology, nor the necessary vision in that particular field. The first and foremost thing that is to be done is to keep these IAS and ICS people away from the field in which they are not proficient. Then, the so-called Director of Agriculture—because he has that background of agriculture—must be made really responsible for agricultural production. If he is not able to deliver the goods within a particular period he must be dismissed. The psychology of "war basis" is that you go and lay down your life in the war front. It is only when you are prepared to lay down your life that you will be able to win a battle. You cannot keep your body intact and yet kill the enemy and win the war.

Shri C. Subramaniam: At least we should lay down our office!

Shri Hanumanthaiya: At least these people who are Directors of Agriculture and their subordinates and, even if it comes to that, the concerned ministers, must be told that they should lay down their offices, if they are not able to fulfil their pledge within three years or so.

श्री तन सिंह (बाड़मेर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मूल प्रस्ताव रखते हुए माननीय कृषि मंत्री महोदय ने बताया था कि हमारे यहां अन्नाभाव और अकाल का मुख्य कारण वर्षा का अभाव है। लेकिन मैं निवेदन करूंगा कि वर्षा कोई एक ऐसा नया कारण तो नहीं है। देश की जलवायु किसी पार्टी विशेष के कारण परिवर्तित हो गयी ऐसी भी बात नहीं है। जैसे हमारे देश की जलवायु पहले थी वैसी ही आज है और भविष्य में भी वैसी ही रहेगी, और यदि अन्न संकट के सम्बन्ध में हम वर्षा के अभाव के कारण को लेंगे तो उस का तो कोई अन्त ही नहीं होगा, विशेषतः हमारे आजादी प्राप्त करने के 18 साल बाद जब कि हम अपनी आर्थिक योजनायें बना रहे हैं। 15 वर्ष से हमारा आर्थिक नियोजन चल रहा है, फिर भी अगर वर्षा पर हम आधारित रहेंगे और तकनीकी ज्ञान और वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद भी हम वर्षा और बाढ़ का कोई नियंत्रण न कर सकेंगे, तो हमारी योजना का कोई अर्थ नहीं है।

मैं तो यह कहूंगा कि 15 वर्षों से लगातार करीब करीब प्रति वर्ष लोक सभा में अन्न संकट पर और बाढ़ पर बहस होती रही आया करती है। जब कभी भी ऐसी परिस्थितियां पैदा होती हैं उस समय हम कुछ अस्थायी कार्य अपने हाथ में लेते हैं और थोड़ी सी राहत मिलने के बाद बेखबर हो जाते हैं। नतीजा यह होता है कि इस समस्या का कोई स्थायी हल नहीं मिल पाता और प्रति वर्ष यह समस्या बढ़ती जा रही है।

हमारे देश में एक योजना आयोग का गठन हुआ, और उस के सम्बन्ध में बताया जाता है कि सारे देश का संतुलित विकास इस आयोग द्वारा हो रहा है। मुझे खेद है कि यह आयोग न तो इस देश की जनता के प्रति उत्तरदायी है, न इस लोक सभा के प्रति उत्तरदायी है। आज तक 15 वर्षों के बाद भी यदि वह बाढ़ नियंत्रण न कर सका, अति वृष्टि के मामले को ठीक प्रकार से सुनियोजित न कर सका तो मैं नहीं जानता कि यह योजना आयोग क्या कर रहा है। केवल औद्योगिक उत्पादन के दृष्टिकोण से योजना आयोग ने यदि हजारों करोड़ रुपया खर्च कर दिया है और कृषि की निपट उपेक्षा की है, तो औद्योगिक उत्पादन पर भी उस का कुप्रभाव पड़े बिना नहीं रहेगा।

अभी अभी एक पूर्व वक्ता ने बतलाया था कि अन्न के मामले में राजनीति का

[श्री तन सिंह]

प्रयोग नहीं होना चाहिए । मैं निवेदन करूंगा कि संसार में बहुत से ऐसे देश हैं जैसे इजराइल, जहां की जलवायु और परिस्थितियां राजस्थान के समान हैं । लेकिन उस देश ने बहुत थोड़े समय में अपने तकनीकी ज्ञान और वैज्ञानिक प्रयोगों से बहुत उन्नति की है । हम ने अरब राष्ट्रों को संतुष्ट करने के लिए ही इजराइल से दौत्य सम्बन्ध स्थापित नहीं किए हों, किन्तु हमारे देश की बहबूदी के लिए उन के इस प्रकार के तकनीकी सहयोग में क्या बाधा पड़ती है ? और यदि यह राजनीति नहीं है तो मैं नहीं जानता कि इस प्रकार के देशों से हम लाभ क्यों नहीं उठा पाते ।

और राजनीति का एक और उदाहरण दूंगा । सिंदरी में खाद का कारखाना बनाया गया है और उस के लिए जिप्सम आता है राजस्थान से । जो जिप्सम खान पर पांच रुपया और सात रुपया पर टन पड़ता है वह सिंदरी पहुंच कर 39 और 43 रुपया प्रति टन पड़ता है रेल भाड़े के कारण । सिंदरी कारखाने में वही खाद बन जाने के बाद वापस राजस्थान में लाया जाता है तो उस का मूल्य तीस और 35 रुपया प्रति टन और बढ़ जाता है । यदि यह राजनीति नहीं है तो यह योजना आयोग की कौन सी सूझ बूझ है कि कच्चा माल तो राजस्थान में हो रहा है और कारखाना बनाया जा रहा है बिहार में, कच्चे माल को वहां पहुंचाने और वापस तैयार माल को लाने में 60 रुपया प्रति टन उस पर उत्पादन का बोझ पड़ जाता है । मैं तो यही कहूंगा कि योजना आयोग की सूझ बूझ के कारण ऐसा हो रहा है, तो निश्चय ही उस की सूझ बूझ के पुर्जे ढीले है ।

यदि अनावृष्टि का हम स्थायी रूप से मुकाबला करना चाहते है तो हम को नहरों का जाल बिछाना पड़ेगा । अभी खेद है कि हमारी समूची भूमि में केवल 20 प्रति शत भूमि ऐसी है जहां सिंचाई होती है । राजस्थान नहर योजना के लिए बड़ा शोर मचा है । उस का स्वर कांडला तक पहुंच गया है लेकिन उस में पानी सूरतगढ़ तक भी नहीं आया है ।

16.00 hrs.

राजस्थान सरकार ने बहुत पूर्व भारत सरकार से निवेदन कर दिया था कि राजस्थान नहर का जो आर्थिक दबाव है वह उसे सहन नहीं कर सकती । उस के पास इतने आर्थिक साधन नहीं हैं, इसलिये भारत सरकार को इस कार्य को अपने हाथ में ले लेना चाहिये । न जाने भारत सरकार के किन विभागों में राजस्थान नहर योजना के लिये इतनी सुस्ती आई जिस के कारण इतने वर्ष इस का निर्णय करने में लग गये, और आज भी मुझे सन्देह होता है कि भारत सरकार के इस निर्णय के उपरान्त राजस्थान नहर परियोजना शीघ्रता से पूर्ण हो जायेगी । इस नहर का महत्व इतना ही नहीं है कि वहां अन्नोत्पादन की न्यूनतायें हट जायेंगी बल्कि इस का प्रतिरक्षा की दृष्टि से भी बड़ा महत्व है । आप जानते हैं कि अभी भारत और पाकिस्तान के संघर्ष के बीच, हम यह यदि मान भी लें कि हम लाहौर पर आक्रमण करना नहीं चाहते थे तथापि यह बात छिपी नहीं है कि उस के बीच में इच्छोगिल नहर ऐसी थी जिस को पार करना हमारे सैनिकों के लिए आसान काम नहीं था । यदि हम इस बारे में विचार करें तो राजस्थान और पाकिस्तान के बीच में लगभग 600 मील लम्बी एक ऐसी सीमा है जो प्राकृतिक सीमा रेखा नहीं है, और इस देश के बचाव के दृष्टिकोण से यदि इस नहर का युद्ध स्तर पर निर्माण किया जाये और जो कि रामगढ़ तक आने वाली है उस को कुछ और लम्बा किया जाये, सौ या सवा सौ मील और लम्बा किया जाये, और गहरा बनाया जाये, तो यह नहर केवल हमारे अन्नोत्पादन में ही योगदान नहीं दे सकती बल्कि हमारे देश

के लिये यह एक प्राकृतिक सीमा रेखा का भी काम कर सकती है और वहां के सारे साधनों का भी हम ठीक प्रकार से उपयोग कर सकते हैं ।

मेरा विश्वास है कि प्रतिरक्षा विभाग और कृषि विभाग के बीच समन्वय की बड़ी आवश्यकता है । शंकर समिति ने बहुत पहले यह दृढ़तापूर्वक सिफारिश की थी कि कृषि, सामुदायिक विकास और सिंचाई विभागों के लिए एक यूनिफाइड कमान्ड होनी चाहिये । जिस प्रकार रक्षा मंत्रालय में वायु सेना, जल सेना और स्थल सेना के अतिरिक्त उत्पादन और सम्भरण विभाग है, फिर भी वह स्वयं अपने अन्दर एक सेल्फ कंटेन्ड रक्षा मंत्रालय है, उसी प्रकार यदि हम स्थायी तौर पर अपने अन्न संकट को हल करना चाहते हैं तो इन विभागों के बीच में एक यूनिफाइड कमान्ड होनी चाहिए और उन में समन्वय और सन्तुलन होना चाहिये ।

राजस्थान में जब पिछले वर्ष अकाल पड़ा था उस समय कृषि मंत्री महोदय ने सदन को आश्वासन दिया था कि उसी वर्ष ढाई सौ नलकूप वहां खोदे जायेंगे, लेकिन मुझे खेद के साथ निवेदन करना पड़ रहा है कि उन ढाई सौ नलकूपों में से केवल 125 तक ही बन सके हैं । आप अनुमान चाहे जो बना लें और उस के वास्ते चाहे जितने व्यापक आंकड़े आदि दिखा दें, लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि हम इन आश्वासनों, आशाओं और विश्वासों के आधार पर कितने अर्से तक लोगों को गुमराह कर सकते हैं । यदि यह कहा जाता है कि राजस्थान सरकार ने नलकूप योजनाओं के लिये स्थान निश्चित नहीं किये थे तो इस की जिम्मेदारी किस पर है, यह मैं समझ नहीं पा रहा हूं ।

अभी बहुत सी बातें इस विषय में भी कही गई कि केन्द्रीय सरकार के पास कृषि विभाग होते हुए भी कृषि मूलतः राज्य सरकार का विषय है, और इस में राज्य सरकार में और केन्द्रीय सरकार के बीच में पूरा समन्वय नहीं है । केन्द्रीय सरकार की नीतियों को राज्य सरकारें ठीक प्रकार से निभा नहीं पातीं, उस की नीतियों को वह ठीक प्रकार से आगे नहीं ला पातीं जिस के कारण इस समस्या के अच्छी तरह से हल होने में असुविधा रहती है । लेकिन यह जिम्मेदारी किस पर है । यह वक्तव्य उन्हें बजाय लोक सभा में देने के अपनी कांग्रेस पार्टी में देना चाहिये क्योंकि राज्य सरकारें अभी उसी पार्टी की हैं । यदि यह नहीं हो सकता है तो चाहे कुछ भी करना पड़े, चाहे संविधान में संशोधन ही करना हो या और किसी प्रकार की प्रक्रिया स्वीकार करनी हो, वह हमें करना चाहिये । हम यह नहीं चाहते कि हमारे देश में अन्न का संकट इसी प्रकार बना रहे और उस के मार्ग में राज्य सरकारें राजनीति के वश या अपनी स्वाभाविक आरामतलबी की वजह से रोड़ा बन कर खड़ी रहें ।

मैं आप को एक ऐसा दृष्टान्त देना चाहता हूं । हमारी केन्द्रीय सरकार ने राजस्थान के जेसलमेर क्षेत्र में नलकूप बनाये थे सन् 1954 में । उन नलकूपों में लगभग 50 हजार गैलन पानी प्रति घंटा आ सकता था । लेकिन आप को यह जान कर आश्चर्य होगा कि सन् 1964 तक उन नलकूपों के अन्तर्गत पड़ने वाली जमीन का आवंटन अथवा अलाटमेंट नहीं हुआ । यदि हम लाखों रुपये एक नलकूप पर खर्च कर सकते हैं और व्यापक रूप में हमारी सरकार नलकूप खुदवा सकती है और नौ वर्ष तक राजस्थान में नलकूपों का आवंटन रुका रहता है तो भारत सरकार को अवश्य ध्यान देना चाहिये कि गड़बड़ी कहां है । या तो कानून में गड़बड़ी है या व्यवस्था में गड़बड़ी है । प्रशासनिक व्यवस्था जो है उस की आलोचना न करना ही ठीक है । मैं अब भी निवेदन करूंगा कि सन् 1954 में नलकूप खुदे जिन का आवंटन नहीं हुआ है । परन्तु अब भी नलकूप खोदे जा रहे हैं जहां जमीन का बटवारा नहीं हो रहा है और इस

[श्री तन सिंह]

लिये जो सिंचाई के साधन उपलब्ध किये जा रहे हैं उन का पूरी तरह से उपयोग नहीं हो रहा है। यदि सरकार यही कहती रहेगी कि यह जिम्मेदारी राज्य सरकार की है तो मैं निवेदन करूंगा कि केन्द्रीय सरकार भी इस उत्तरदायित्व से बरी नहीं हो सकती।

किसी देश के बड़े होने के कई लाभ हैं। उस का सब से बड़ा लाभ यह है कि देश के किसी कोने में यदि अतिवृष्टि हो या अनावृष्टि हो तो उस देश के दूसरे भागों में बचा हुआ धान्य उस जगह से जा सकता है। इस दृष्टिकोण से हमारा देश सौभाग्यशाली है कि वह बहुत बड़ा देश है किन्तु दुर्भाग्य से सरकार की गलत नीतियों के कारण इस एक देश के कई टुकड़े हो गये है। देश में दो दो बड़े राज्यों को मिला कर के कुछ इस प्रकार की क्षेत्रीय व्यवस्थायें बना दी गई हैं जिस के कारण अन्न एक स्थान से दूसरे स्थान को वैधानिक रूप से नहीं ले जाया जा सकता। नतीजा यह होता है कि चोरबाजारी और छिपे छिपे अनाज के ले जाने की कार्यवाइयां हो रही हैं। हम चाहे जितने जागरूक हों, हमारी सरकार का पुलिस विभाग भी चाहे जितना जागरूक हो, लेकिन वह सब के सब चोरों को नहीं पकड़ सकता है। नतीजा यह होता है कि एक स्थान पर जहां बोर्ड के ओर पश्नोते लोग ज्यादा नफा उठाते हैं उस में अन्न के भावों में आंशिक रूप से वृद्धि हो जाती है।

खेतों की खरीद के एकाधिकार का तरीका भी खतरे से खाली नहीं है क्योंकि, मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है, हमारे देश में औद्योगिक उत्पादन के लिये और औद्योगिक विकास के लिये जितना महत्व दिया जा रहा है उतना दुर्भाग्य से कृषि उत्पादन के लिये नहीं दिया जा रहा है। इस का परिणाम यह है कि किसान की हालत उत्तरोत्तर खस्ता होती जा रही है। यदि किसान को अपनी भूमि पर, अपनी कृषि पर उपयुक्त और पूरा लाभ नहीं मिलता तो उस की रुचि कृषि में नहीं रहेगी और उस का परिणाम सारे देश को भोगना पड़ेगा।

आप ने नीति निर्धारित की कि देश में भूमि की अधिकतम सीमा निश्चित कर दी जाये। राजस्थान में इस सीमा निर्धारण से पहले सरकार की ओर से एक इस प्रकार का सर्वेक्षण हुआ था जिस के द्वारा यह प्रतिवेदन प्रस्तुत हुआ कि राजस्थान में इस प्रकार के किसी भी अधिनियम की आवश्यकता नहीं है और भूमि की अधिकतम सीमा निश्चित करने की कोई आवश्यकता राजस्थान में नहीं है। लेकिन सरकार की ओर से यह बताया गया कि क्योंकि योजना आयोग ने इसे एक राष्ट्रीय नीति के रूप में निश्चित कर लिया है इसलिये अधिकतम सीमा का निर्धारण अनिवार्य है। श्रीमन्, जब किसी किसान पर भूमि की एक अधिकतम सीमा निर्धारित हो गई तब उस के बाद जो उस के स्वामित्व का बोझ उस जमीन पर पड़ेगा और दबाव पड़ेगा उस के कारण उस भूमि से उत्पादन की क्षमता घटती जायेगी और भूमि से प्राप्त होने वाला लाभ धीरे धीरे घटते हुए समाप्त हो जायेगा। यदि खरीद का एकाधिकार सरकार को दिया जाता है तब उस समय किसान के पास में और कोई विकल्प नहीं है कि वह अपना एक निश्चित जो लाभ है उस निश्चित लाभ के अन्तर्गत अपने अन्न को बेच डाले। मैं यह निश्चय पूर्वक कहता हूं कि इस देश में नारे तो किसान के बारे में बहुत कुछ लगाये जाते हैं लेकिन किसान और कृषि इस देश में बहुत उपेक्षित रही है। मैं नहीं जानता कि अब इस तरह के अन्न संकट के बाद में यही स्थिति बनी रहेगी लेकिन अब तक किसान उपेक्षित रहा है और शहर और गांव का भेद इतना बढ़ गया है कि कोई भी आदमी गांव में रहना इतना पसन्द नहीं करता जितना कि शहर में रहना पसन्द करता है और उस का मुख्य कारण यह है कि भूमि से

होने वाली और रोजगार धन्धों से होने वाली आमदनी में या शहर में नौकरी या दूसरे व्यवसाय से जो आमदनी होती है उस में बड़ा अन्तर है। शहरों का आकर्षण इतना विलक्षण और इतना गहरा आकर्षण है कि जिस के कारण गांव एक तरह से खाली से हो रहे हैं, गांव एक तरह से अपंगित से हो रहे हैं। उद्योग और कृषि का भेद ही वास्तव में इस के मूल में है और यदि सरकार इस समय अन्न के वितरण में भी, राशन में भी इसी भेद को जीवित रखना चाहती है तो बलिहारी है इस सरकार की। श्रीमन्, गांव का आदमी और शहर का आदमी एक ही देश का नागरिक होने के नाते अपने स्वभाव में, और अपने भोजन की पद्धति में कोई विशेष अन्तर नहीं रखता लेकिन हमारे प्रशासक ऐसे भी हैं और मैं विशेषकर अपने जिले का उदाहरण दूंगा कि जहां गांवों में गेहूं नहीं जाता केवल शहर के लिये ही गेहूं है। मैं मानता हूं कि गांवों में बहुत से लोग बिना गेहूं के चला सकते हैं किन्तु इस का अभिप्राय यह नहीं है कि गेहूं को बिल्कुल ही वहां आवश्यकता नहीं है। यदि हमारी राशन पद्धति में भी गांव और शहर का हम भेद बनाते हैं तो फिर हम किस बूते पर यह उम्मीद करते हैं कि हमारा कृषक इस देश को बलवान और मजबूत बनाने में सहयोग दे सकेगा।

श्रीमन्, अभी हमारे प्रधान मंत्री महोदय ने बड़ा आकर्षक नारा दिया है—जय जवान, जय किसान का। अच्छा होता कि आज के समय में सिपाही को और किसान को एक बराबर स्थिति में रखते, नारे के रूप में नहीं बल्कि व्यावहारिक रूप में। एक उदाहरण मैं देना चाहता हूं। रिहन्द का एक सरकारी बिजलीघर है जहां से एल्यूमिनियम फैक्ट्री को उद्योगपति बिजली के एक यूनिट के लिये केवल तीन पैसे देता है जब कि हमारा किसान जिस के लिए हमारे प्रधान मंत्री जय जवान और जय किसान का नारा देते हैं, उस को 19 पैसे प्रतियूनिट देना पड़ता है। . . (व्यवधान) आज ही प्रश्नोत्तर के समय में सिंचाई मंत्री ने बताया था कि हम ने ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया था कि उद्योगपतियों को दी जाने वाली बिजली और किसानों को दी जानेवाली बिजली की दर में समानता रखी जायेगी। आश्वासन नहीं दिया गया था तो भी कोई विशेष बात नहीं है और यह आश्वासन आज भी नहीं होगा, और भविष्य में भी नहीं होगा। केवल इतना सा बताया गया कि हम उन को सहायता कर सकते हैं। मेरी समझ में नहीं आता है कि औद्योगिक उत्पादन के लिये जब आप एक उद्योगपति को तीन पैसे प्रति यूनिट दे सकते हैं तो किसान को देने में क्या अड़चन पड़ती है और यदि अड़चन पड़ती है, नहीं दे सकते तो फिर किसान का नारा, जय जवान और जय किसान का नारा व्यावहारिक बातों पर खड़ा हुआ नहीं बल्कि यह केवल एक तरह का ऊपरी और दिखावा मात्र है।

श्रीमन्, समय के अभाव में मैं बहुत ही संक्षेप में अपनी अन्तिम बात कहता हूं। 1956 में हम ने पी० एल० 480 के मुताबिक 7 मिलियन टन का समझौता अस्थायी तौर पर इसलिए किया था कि हमारी स्थिति भविष्य में स्थिति सुधर जायेगी लेकिन सन् 56 के बाद से लगातार आज तक द्रौपदी के चीर की तरह से यह बढ़ती जा रही है और इस के रुकने की कोई संभावना नहीं है। मेरा मतलब यह नहीं है कि इस को बन्द कर दिया जाय। परन्तु जब तक हम व्यापक रूप से काफी सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं करते तथा इस सम्बन्ध में बहुत शक्तिशाली और प्रभावशाली कदम नहीं उठाते, जब तक किसान की हालत सुधारने के लिए भूमि पर उस के स्वामित्व का अधिकार संविधान के सत्रहवें संशोधन द्वारा जो कर दिया गया है, वह अधिकार उस को नहीं दिया जायगा, उस को सहायता और तरीकों से नहीं मिलेगी तब हम चाहे जितना ही और जगायें अन्न की समस्या ठीक होने की सम्भावनायें हमारे यहां बहुत ही कम हैं।

श्री के० डी० मालवीय (बस्ती) : मिस्टर डिप्टी स्पीकर, सर . . . .

श्री हुकम चन्द कछवाय : हिन्दी अच्छी जानते हैं आप तो ?

श्री के० डी० मालवीय : उपाध्यक्ष जी, कल मैं ने बहुत गौर से अपने मित्र सुब्रह्मण्यम साहब का बयान यहां सुना। कई बार पहले भी पिछले सालों में ऐसी ही समस्या खाने की हमारे सामने रही। तब भी ऐसे ही सुनने का मौका मिलता था और हम सब को चाहिये भी कि हम उन के बयानों को बहुत गौर से सुनें । क्योंकि वह जिम्मेदार वक्तव्य है, सोचने समझने के बाद हमारे सामने इस भवन में रखा जाता है और उन के विशेषज्ञ उन्हें सही माने में सलाह भी देते होंगे। उन्हों ने खाने की एक बड़ी खतरनाक तस्वीर हमारे सामने रखी है ।

Mr. Deputy-Speaker, the gloomy picture really has caused great concern to us, more especially because it has come from our Minister....

Dr. L. M. Singhvi (Jodhpur): It is unfair for him to draw applause when he speaks both in Hindi and in English alternately.

Mr. Deputy-Speaker: That is for the Members.

Shri K. D. Malaviya: Is there anything wrong in my speaking both in Hindi and in English?

श्री हुकम चन्द कछवाय : हिन्दी बड़ी मीठी लगती है आप की ।

उपाध्यक्ष महोदय : दोनों मीठी हैं ।

श्रीमती लक्ष्मीकान्तम्मा : हिन्दी में ही कहिए न ।

Shri K. D. Malaviya: I have only ten minutes at my disposal. As I said, more especially when such statements have come from our able Minister, it should cause us great concern. He is one of our ablest Ministers and therefore, whatever comes from him, deserves our great consideration and attention.

Shrimati Lakshmikantham ma: When we are thinking of depending more and more on ourselves, why should he speak in English?

Shri K. D. Malaviya: I wish to assert my right to speak in English. I do not wish to underestimate or take a very light view of the situation that confronts us by referring to personal aspects of things. I told him yesterday that a report of a speech of mine made in Nagpur was incorrectly reported in the press where is said that if Shri Subramaniam was replaced by a man like me, I would perhaps solve the food problem I wish to inform my friend that I never made such a statement because I do not take a light view of the serious situation that confronts us. I know that we have come to a situation where it is no use our repeating details of implementations and the problem of irrigation, fragmentation of holdings, consolidation of land, and this and that now. We have reached a stage when perhaps Shri Subramaniam, myself and some other friends who might think that we can solve the problem, all put together and circumscribed by the limitations of the framework under which our Government is working today, will not be able to solve this food problem.

Year in and year out we have been hearing the same arguments, the answers, charges and countercharges, complaints, allegations, of our inability to do a think and all that. Almost all these speeches could have been made ten years earlier, and the same replies could have been given ten years earlier. Therefore, this effort to strike a middle course has proved a failure, is going to prove a failure, and will always meet with failure so long as we are not deeply conscious of the fact that we have to examine

and revise our working policies, and implementation, in a more basic way. I personally feel that the middle-course way will not do for us. Perhaps even Shri Maaani, who represents an extreme view and is diametrically opposed to the views that are held by men like me, may have some relevant purposive directions to put before us.

Shri Shinkre (Marmagao): They advocated collective farming.

Shri K. D. Malaviya: He may not succeed, he will not succeed I know, but sometimes I feel that we are getting chances and losing time in following the middle course. State trading and private trading, procurement and no procurement, co-operatives and joint-stock companies, ceiling on land and no ceiling on land, concession charges of electricity to agriculturists versus concession charges of electricity to industrialists, community development is a good thing versus community development is a bad thing—all these things are going on, and I can multiply the examples and illustrations, and will have come to the conclusion that there is something seriously wrong in our thinking, and I should take courage to state this fact here that unless we revise our thinking, we are not likely to succeed.

Shri A. P. Sharma. Is it about food?

Shri K. D. Malaviya: I am referring to the question of food. I agree that there has to be no doctrinaire approach about the problem of food. On the question of import of foodgrains through the P. L. 480 arrangement. I do not wish to say anything, except to refer to certain views expressed by some American friends who are well-wishers of this country, who are not particularly opposed to the socialistic pattern of society that some of us wish to propagate here, although they might be opposed to my own particular specimen of the socialist programme. Even they have come to the conclusion that, indefinitely, such sort of continuous aids are not likely to do good to the agricultural programme of production of this nation. Therefore, I feel that this dependence on PL 480 and the manner in which certain sections in the government are contemplating today is grossly unjust and inconsistent with the slogans raised recently after the Indo-Pakistan conflict-slogan of self-reliance. Either we wish to go ahead with the programme and strategy of self-reliance and take courage and face the better consequences of it for sometime in a transitional way or we do not repeat this slogan. There is generally no harm in the programme of importing foodgrains from abroad. I wish to state that we have failed to increase production in our country because of certain basic reasons. So long as our production per unit of land is lower than the lowest in the world, I object to the fundamental strategy of this nation to depend upon importing food through PL 480. Even the American friends will agree with us that this continuous and unlimited way of depending upon PL 480 to bridge over temporary difficulties is not good for us. Therefore, this slogan of self-reliance came to us at a very proper time. I regret to say that the statements made by certain sections of the government with regard to the import of food and the desire of certain ministers and certain sections of the Planning Commission are contrary to the spirit of self-reliance. It is time that we made up our minds on this. If we follow the socialist principles to which we are dedicated and committed in the great political party to which we all have the honour to belong, and if we implement these socialist principles, I have no doubt that this problem of food will be solved. But if we do not follow these principles and do not implement them and keep them before us as our targets and objectives to be followed at some more convenient time or think that we can do it when we are strong enough to do them, then to that extent our food production programme will be diluted

[Shri K. D. Malaviya]

and we will go on indefinitely trying to catch up with our objective, but we will never catch up with it. We are unprepared for the proper distribution of food and we shall continue to be like that so long as we leave the initiative to others. It is regretable that we are not prepared to take the lead to create an organisation for proper distribution. The statistics put before us will not help. My hon. friend said yesterday that rains have failed up very badly; according to him, perhaps never in living memories it was so. I do not know if the the situation is really so gloomy. With regard to the last kharif crop in the nothern part of India, the situation certainly does not appear to be gloomy from the facts that I have. In an entire district near my constituency responsible people have told me that they had produced maize in the last karif and have no recollection of such an abundant crop in living memory. I am referring to the district of Gonda where maize had been produced in an abnormally satisfactory way. In the western part of my State, I enquired from my colleagues here in Parliament, from Members of Parliament, and they tell me that the last rabi crop, was very good; maize was good; the kharif crop was good. Even in my own district which was considered to be poor, the earlier rice crop was very good. So, to maintain that the prospects are abnormally bad, black, and never as they were, is wrong and this assessment might have to be revised.

With regard to rainfall also, I do not think we are organisationally spread over in that satisfactory manner throughout the country, that we can get the correct assessment of rainfall. In the same State, in one region of the State, there are different reports coming about the satisfactory or the unsatisfactory nature of the rainfall. What is, therefore, necessary is to go deep into the basic reasons. For instance, as the Chief Minister of West Bengal has done, to which my hon. friend referred yesterday, which makes us very happy: that he has given preference to the tillers of the soil over the owners of the soil. According to the latest revised rates in West Bengal, the tillers of the soil will be getting 60 per cent share of the produce, even though they may not supply the bullocks or produce the seeds. So, land reform, and a proper and a better organisation for distribution, are the two big factors which can substantially take us ahead towards the objective that we have before us with regard to the increase of food production.

These 88 million tons of food may have been produced or may not have been produced. Even if you are going to import five to six million tons of food, it will not make much differnce. The problem of maldistribution will remain as it is, even if you import food. We have imported food in the past years more or less according to our satisfaction. But still, the prices were always going up. There are some other elements which should go to meet the challenge of this price rise and the scarcity of food. It is not only the lack of techniques which has come in the way, but our inability to follow the policy which has been declared by us.

I will refer to one more point. This is about the joint stock companies, which is the latest thinking of some of us in order to produce better seeds for dissemination. You know that there are thousands of State farms in this country. What are these thousands of State farms doing? And why have they not succeeded? There was no dearth of finance, there was no dearth of technical assistance; there was no dearth of technicians and experts and no dearth of resources. I do not think there is any single unit which processes more power and influence than the unit of Government; if the Government did not succeed in producing better type of seeds, how do we think that a joint stock company, even though managed by a very big indus-

trialist, can do this thing. Are we going to change our policy? If we are going to do this, why have you started by favouring the industrialist? Why do we not start from the revival of the old zamindari system? Let them come; let us trust those people who know these things. A known enemy is easier to deal. Let us go back; I say this cynically; I admit. But I do not see any reason, any wisdom, in handing over our lands to a group of people who have no experience except of profiteering, evading income-tax and importing talents from abroad in order to make personal profit and earn selfish glory. It will be a thousand shame for a Government of this country—whether it is the State Government or the Central Government—if they are unable to produce better seeds from their own State farms, than to hand over the lands to the big peasant proprietors, to individual industrialists or joint stock companies in order to produce seeds. I think it is a wholly erroneous idea. I would warn the Government not to repeat those mistakes. Otherwise, we will not be able to do anything.

Only one word more, and I shall finish. My hon. friend Shri Hanumanthaiya referred to aid with or without strings. It is, I beg to state, wholly irrelevant to the issue before us. He talked of food production on a war footing. This is also a slogan, without understanding. It has been going on for years. If you implement the programme of production on a "war footing", you may have to take over land or you may have to expropriate land; you will have to introduce radical changes and transform your "means" in a big way, which you are not prepared to do; therefore, either we are to follow a socialist programme in a radical way, anticipating the crisis that confronts us, or, we go by this slogan of "food production on a war footing". We have to change ourselves including our thinking in a big way. We hesitate to it and then talk of "aid without strings", "aid with strings" and so on. It is wholly irrelevant. What is necessary is, if we are really serious about the self-reliant spirit which we want to spread, then we have to so adjust our national policy, international policy, as to be in tune with the socialist programme which we have set before us with regard to the ownership of land, ownership of property and management by public institutions. We have to change the whole condition and create a completely new complex of condition before us which will be the starting point for the realisation of all those dreams which we have been seeing from such a long time.

श्री महम्मद चौधरी (सहरसा) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में अनाज की दिक्कत है और इस लिए अनाज के उत्पादन को बढ़ाने की जो भी कोशिश आज सम्भव हो, यह करना है, इस में कोई राय नहीं है । मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि इस के सम्बन्ध में जो सीरियसनेस ऊंचे स्तर पर है, वही सीरियसनेस सरकार के निचले स्तर पर भी आना जरूरी है । जो नीचे के स्तर के सरकारी कर्मचारी हैं, उन में भी दक्षता की आवश्यकता है, सीरियसनेस की आवश्यकता है, ताकि सामान समय पर मिल सके और जो पैसे इस काम के लिए दिये जाते हैं, उन का समय पर सही उपयोग हो सके । हमारा अनुभव है कि ब्लाकों में माइनर इरिगेशन के लिए जो पैसे दिये जाते हैं, उन का अधिकांश प्राय: सरेन्डर हुआ करता है, क्योंकि उन के यूटिलाइजेशन के लिए जो कुछ सीरियसनेस चाहिए, वह कहीं दीखती नहीं है । जब तक इन बातों में सुधार नहीं होगा, तब तक केवल ऊपर के स्तर पर सीरियसनेस से काम नहीं चल सकता है ।

मैं मंत्री महोदय का ध्यान मूल्य नियंत्रण और वितरण की नीति की तरफ दिलाना चाहता हूं । मैं ने हाल ही में कुछ आंकड़े कहीं देखे थे और मैं आज सदन में

[श्री तहटन चौधरी]

ये आंकड़े रखना चाहता हूं और मैं चाहता हूं कि कुछ मिनिस्टर इस बात पर विचार करें कि यह स्थिति क्यों पैदा होती है ।

1961-62 का वर्ष रिकार्ड ईयर आफ प्राडक्शन माना जाता है सरकारी आंकड़ों के मुताबिक बताया गया है कि 1962-63 में वह प्राडक्शन बहुत अंश तक गिर गया, लेकिन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 1963-64 में 1961-62 से भी सीरियल्स का उत्पादन ज्यादा हुआ । जहां तक 1962-63 का सवाल है, 1963-64 में उस से ढाई मिलियन टन ज्यादा सीरियल्स की उपज हुई, यानी 1963-64 में 1962-63 से 4 प्रतिशत अधिक उपज हुई । जहां तक आयात का सवाल है, बाहर से आयात किये गए अनाज में 1963 की तुलना में 1964 में 38 परसेंट की वृद्धि हुई । मैं मानता हूं कि होल प्राडक्शन पर 38 परसेंट का इम्पैक्ट नहीं पड़ेगा, लेकिन जो भी इम्पैक्ट पड़े, यह बात सच है कि 38 परसेंट ज्यादा अनाज मंगाया गया । लेकिन प्राइस इन्डेक्स बिल्कुल विपरीत दिशा में गया है । प्राइस इन्डेक्स 1963 में 112 था और 1964 में वह 134 हो गया । हम यह उम्मीद कर सकते थे कि जब सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अनाज आयात ज्यादा हुआ और अनाज की उपज ज्यादा हुई, तो प्राइस इन्डैक्स घटना चाहिए था, या कम से कम उस जगह पर रहना चाहिए था, जहां वह 1963 में था, लेकिन उल्टे वह 20 परसेंट ज्यादा चला गया, यह क्यों ? मुझे याद है कि जो 1965 में सरकारी वक्तव्य हुआ था उपज के बारे में तो कहा गया था कि सन् 1961-62 के रेकार्ड इयर से ज्यादा होने की सम्भावना है । मैं कहना चाहता हूं कि कितने ही उस के आंकड़े क्यों न आये हों लेकिन सन् 1965 के सितम्बर का जो प्राइस इंडेक्स है वह 143 चला गया था यानी सन् 1964 से 30 परसेन्ट ज्यादा । मेरी समझ में नहीं आता कि ऐसा क्यों हुआ है । इस के दो ही कारण हो सकते हैं । या तो आंकड़ों का सिलसिला गलत है और हम गलत आंकड़ों पर कहीं पहुंचते हैं या तो यह मानना पड़ेगा कि होर्डिंग है, ब्लैक मार्केट है और सरकारी नीतियों में कहीं न कहीं गलतियां हैं वितरण के सिलसिले में और कंट्रोल के सिलसिले में जिस के कारण इस तरह की स्थिति पैदा होती है ।

मैं समझता हूं कि बहुत अंश तक हमारी नीति भी इस मामले में दखल देती है और इस के लिये वही जिम्मेदार है । उदाहरण के तौर पर मैं कहना चाहता हूं कि प्राइस सपोर्ट एक अच्छी चीज है और आवश्यकता है इस बात की कि किसानों को प्राइस सपोर्ट दिया जाये ताकि उसे इन्सेन्टिव मिले । इस में कोई शक की बात नहीं है । लेकिन मेरी मान्यता है कि सरकार ने उस वक्त प्राइस सपोर्ट की पालिसी शुरू की सन् 1964 में जब कि टेन्डेन्सी प्राइज राइज की थी । इस का नतीजा यह हुआ कि सन् 1965 के शुरू से ही जो प्राइस लेवल प्राइस सपोर्ट का तय किया था उसे नहीं रखा । उसे उसने छुआ ही नहीं, बहुत आगे आगे भागता गया । जब टेन्डेन्सी प्राइस नीचे गिरने की हो तब हम प्राइस सपोर्ट कर सकते हैं, लेकिन जब टेन्डेन्सी बढ़ने की हो और मूल्य ऊंचे हो रहे हों तब प्राइस निश्चित करते हुए हमारे लिये जरूरी होता है कि हम मक्सिमम प्राइस तय करें और उस पर अमल करें । सरकार ने उसे किया लेकिन हार मान ली, उस पर अमल नहीं किया । नतीजा यह हुआ कि देश को इस तरह का आभास मिला कि प्राइस ज्यादा बढ़ेंगी, कमी है देश में सारी चीजों की और इस लिये

सरकार ने मिनिमम प्राइस ठीक किया, मै:सिमम प्राइज लेवल सरकार ने छोड़ दिया इतना ही नहीं हुआ, जो सरकारी अनाज की सप्लाई होती थी उस के भाव भी बढ़ाये गये फेअर प्राइस शाप्स में। इस तरह से पैसे की बचत हुई लेकिन देश की मनोवृति क्या हुई। देश ने समझा कि सचमुच ही बड़ी मुसीबत आने वाली है क्योंकि देश की सरकार ने प्राइस को बढ़ाया है। नतीजा जो हुआ वह आप ने देख लिया कि प्राइस बढ़ती चली जा रही हैं।

एक बात और भी हुई जो कि दिल को चोट पहुंचाने वाली है। सरकार की नीति है कि बड़ी मिल्स या राइस हस्किंग मिल्स को चलाने की इजाजत सब जगह दी जाय, शहरों में भी और देहातों में भी। लेकिन जो छोटे हलर्स हैं उन पर हम ने रुकावट डाल दी। जो हलर्स छोटे हलिंग वाले होते हैं उन की इतनी कपैसिटी नहीं होती कि वह होर्ड कर सकें। वह दिन भर अपने अनाज की हलिंग करते हैं और शाम को उसे बेच देते हैं क्योंकि अगले दिन के लिये उन को कैपिटल चाहिये। लेकिन बड़े मिल वाले जो होर्ड कर सकते हैं, जो हम से छिपा कर रख सकते हैं उन्हें आप ने इजाजत दी कि वह अपनी मिल चलायें। छोटे हलर्स को हम ने बन्द किया। मैं मानता हूं कि इन दोनों तीनों चीजों ने एक कारण का रूप लिया है इस अनाज के भाव बढ़ने में। मैं आग्रह करूंगा कि हम को इस नीति पर गम्भीरता पूर्वक विचार करना चाहिये।

इस सम्बन्ध में दो ही तरीके हो सकते हैं। या तो हम मैक्सिमम प्राइस तय करें और कह दें कि इस से ज्यादा हम नहीं चलने देंगे चाहे जो भी करना पड़े। लेकिन हम लोगों में यह हिम्मत नहीं है, या हम समझें कि हम इस को नहीं चला सकते है तो फिर दूसरा तरीका है कि हम अपना बफर स्टाक कायम करें जिस से हम बाजार को कन्ट्रोल करें। लेकिन जो तरीका बफर स्टाक का चल रहा है उस से काम नहीं चलेगा। इस में काफी गलतियां हो रही हैं। मैं इस के डिटल में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं ने कई स्टट्स में देखा ह कि उन्होंने जो नीति अख्त्यार की है उस से काफी अनाज नहीं आ सकता है। मैं इस के भी उदाहरण दे सकता हूं। आज भी देहातों के बीच में दो बातें चल रही हैं। एक तरफ तो बड़े बड़े पूंजीपति, बड़े बड़े व्यापारी काफी भाव पर अनाज खरीद रहे हैं और आप ने छूट दी है कि जो जिस भाव पर चाहे खरीदे, दूसरी तरफ आप लेवी करते है कि इस भाव पर हमें दो। यह दोनों चीजें साथ साथ चलने वाली नही हैं, और अगर यह चलेंगी भी तो बहुत सीमित अंश में। आप का उद्देश्य कभी भी इस तरह से पूरा नहीं हो सकता है। इसके साथ ही हम देखते हैं कि जो गरीब लोग है, जिन के पास दो बीघा या चार बीघा धान है वह अपने धान को 12 रु० मन या 13 रु० मन के हिसाब से एडवान्स पर बचते चले जा रहे हैं। उन्हें पूंजीपति लोग थोड़े पैसे देते हैं पेशगी के तौर पर और सारा धान खरीद लेते हैं। सरकार एसा नहीं करती। न तो वह पेशगी दे कर धान खरीदने की कोशिश कर सकती है और न मैक्सिमम प्राइस दे कर दूसरा आदमी न खरीद सके ऐसा कायदा रख कर लेवी कर सकती है। दोनों में से कोई चीज नहीं हो रही है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप को अपना बफर स्टाक बढ़ाना है तो आप को यह स्पष्ट करना चाहिये कि या तो आप ओपन मार्केट में जाइये या फिर जो आप ने लेवी रखी है उसको पूरा कीजिये लेकिन रीजनेबल ढंग से कीजिये, दूसरों को खरीदने से रोकिये। अगर आप उन को नहीं रोकियेगा तो आप को कुछ मिलने वाला नहीं है।

इसके साथ ही साथ आप को एक और कोशिश करनी चाहिये। आप के पास

[श्री लहटन चौधरी]

बहुत बड़ी सेना है बी० डी० ओज० की और दूसरे लोगों की । आप उन को काम पर लगा दीजिये । लोगों को एडवान्स दीजिये स्टेन्डिंग क्राप्स के अगेन्स्ट में छोटे किसानों को और समय पर धान वसूल करने की कोशिश कीजिये । अगर आप ऐसा करेंगे तो मैं समझता हूं कि आप बहुत बड़ा बफर स्टाक कायम कर सकेंगे । इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

Dr. L. M. Singhvi: Sir, while we are glad for the speech that the hon. Member made, what intrigues us is the invisible way of the presiding eye, now the hon. Member sitting behind the pillar was able to catch your eye. I am not objecting to it.

श्री लू० ला० वर्मा (सीतापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार कृषि के मामले में बिल्कुल फेल हो चुकी है । सरकार ने केवल कागजी घोड़े ही दौड़ाये हैं और कभी भी इस समस्या पर ठीक से विचार नहीं किया । आज भी हमारी सरकार यह कहती है कि सिंचाई का प्रबन्ध किया जायेगा और बड़े बड़े तालाब और कुंएं आदि खोदे जा रहे हैं । लेकिन सरकार की मशीनरी इसका सारा रुपया खा कर बैठ गई है । ऐसी हालत में मैं यह मानने के लिये तैयार नहीं हूं कि सरकार का इरादा बिल्कुल सही तौर से खर्च करने का है ।

जब अभी हाल में भारत ने पाकिस्तान से लड़ाई लड़ी थी तो उस के दरम्यान में अमरीका ने भारत को धमकि दी थी । कि अगर भारत पाकिस्तान से लड़ाई करेगा तो वह फौरन भारत से अलग हो जायेगा और यहां तक कह डाला कि हम गेहूं नहीं देंगे । इसलिए सारा भारत भूखों मर सकता है । ऐसी हालत में हमारे देश की जनता ने यह निश्चय किया कि हम एक दाना भी अमेरिका से लेने के लिए तैयार नहीं हैं बल्कि यहां तक तय किया कि हम उधर देखने को भी तैयार नहीं है जबकि हमारी सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है और अमेरिका के सामने हाथ फैलाया । अमरीकी सरकार के अधिकारियों ने यह कहा कि हमारी एक शर्त है । यह शर्त अगर आप मानें तो हम गेहूं देने के लिए फौरन तैयार हैं । हमारे खाद्य मंत्री वह शर्त मानने के लिए तैयार हो गये हैं । ऐसी हालत में जबकि अमेरिका यह जानता है कि भारत अब अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है और खड़ा होगा । उसमें यह शर्त रखी गई है कि भारतीय जो योजना है वह अमेरिका के योजना आयोग के सामने लायी जाय, इसकी वह जांच करे, ऐसा बताया जाता है । हमें डर है कि कहीं ऐसा है कि हमारे खाद्य मंत्री महोदय ने यह बात मान ली । अब हमें इस बात के लिए भय है कि अमेरिका हमारे देश को बंजर न बना दे जिससे देश की हालत और बिगड़ जाय और दूसरे देशों के सामने हाथ फैलाना पड़े । इससे देश तबाह हो सकता है जैसे कि एक भेड़िये को बकरी सौंपना हो जाय । मैं यह नहीं चाहता और मैं खाद्य मंत्री जी से और प्रधान मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वह यह बात न मानें ।

दूसरी बात यह है कि हमारे देश में खास तौर से तीन चीजों की बड़ी कमी है जो आज तक सरकार पूरी नहीं कर पायी है । एक तो है बेरोजगारी, दूसरी है गल्ले की कमी और तीसरी है सेना, सेना की भी कमी है । ऐसा है कि हमारे देश की जनसंख्या बहुत बढ़ती जा रही है और किसान जो खेतिहर किसान है जो अपने हाथ से खेती करते हैं उनकी संख्या बहुत ही कम होती जा रही है । इसका मतलब यह है कि देश के सभी किसान और मजदूरों के बच्चे, हर आदमी के बच्चे स्कूलों में पढ़ने जाते हैं और वहां खास तौर से किसान के बच्चे 70 फीसदी, ज्यादा पढ़ नहीं पाते, आठवीं नवीं, दसवीं फेल होकर बैठ जाते हैं और वे कुछ नेतागीरी के चक्कर में पड़ते हैं और कुछ दफ्तरों और आफिसों के चक्कर लगाने

लग जाते हैं कि उन्हें कहीं नौकरी मिल जाय। ऐसी हालत में नौकरी तो मिल नहीं पाती क्योंकि वह पढ़े लिखे नहीं हैं। इसलिए वह अपने घर की भी पूंजी खत्म करके बिलकुल बेकार हो जाते हैं। ऐसी दशा में मैं सरकार को यह बताना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के अन्दर प्रान्तों में तथा जिलों में जो ग्राम समाज की सकड़ों क्या हजारों एकड़ जमीन बेकार पड़ी हुई है, बंजर पड़ी हुई है, उनको खेती के काम में लाये और उसके लिए एक योजना बनावे जिसमें कि वह किसान के नवजवान बच्चे, मजदूर के बच्चे, उनको लाकर उनसे खेती करायी जाय, उनको सेना की ट्रेनिंग दी जाय। वह ट्रेन्ड होंगे तो हमारे देश की रक्षा करेंगे। खाद्य की स्थिति भी इससे सम्हलेगी और बेकारी भी दूर हो सकती है। इसलिए मेरा सरकार से नम्र निवेदन है कि वह खास तौर से इस पर गौर करे। हमारे देश में अभी तक सरकार ने न अच्छे बीज का इन्तजाम किया है और न समय पर पानी देती है। बल्कि पानी की बड़ी ही कमी है। खाद की समस्या है। खाद भी नहीं दे पाते। अभी हाल में पिछले वर्षों फसल बहुत ही अच्छी हुई थी। गेहूं बहुत अच्छा हुआ। लेकिन बीज की खास तौर से देखभाल न करने के कारण हमारे उत्तर प्रदेश में पंजाब का बीज दिया गया जिसकी देखभाल नहीं की गई। जो बीज दिया गया उसका उत्पादन किया गया। गेहूं की फसल बड़ी अच्छी हुई। लेकिन उसमें जब गेहूं की बाली निकली तो बालियों के अन्दर एक महीन महीन से छोटे छोटे से दाने काले रंग के पैदा हुए जिनको हमारे यहां जहर कहा जाता था। मैंने वह बालियों सहित लाकर के प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के सामने पेश की थी और उन से प्रार्थना की थी कि यह बालियां आप जांच के लिए भेज दें। हमारे यहां के लोग इसको जहर कहते हैं। उसमें मुझे पता नहीं क्या हुआ।

पानी की खास समस्या है। पानी समय पर नहीं मिल पाता और खड़ी फसलें, तैयार फसलें, बगर पानी के सूख जाती हैं। जहां पर पानी है वहां भी पानी नहीं मिल पाता। सरकार की मशीनरी बिलकुल फेल हो चुकी है। मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं और खास तौर से खाद्य मंत्री महोदय से कि सरकार की कौन सी ऐसी मशीनरी है जो कि सही ढंग से काम कर रही है?

तीसरी बात यह है कि खाद भी नहीं मिल पाती। खाद ब्लाक से मिलती है और ग्राम प्रधान के रेकमेंडशन के ऊपर मिलती है। हर आदमी को पता है कि गांव गांव में आज खास तौर से पार्टीबन्दी है। इसलिए पार्टीबन्दी या दुश्मनी के कारण या पैसे के लालच से खाद भी किसान को सही ढंग से नहीं मिल पाती।

हमारे उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार ने खेती बढ़ाने के लिए या यों समझ लीजिये कि किसानों को नेस्तनाबूद करने के लिए लगान बढ़ाया है और सरकार अपनी मशीनरी पर काबू नहीं पा रही है। लगान बढ़ा कर गल्ला अधिक उपजाओ योजना ऐसे वक्त पर नहीं चल सकती। यह लगान बढ़ा कर किसानों की आत्महत्या करना है। जबकि ऐसे संकट के समय में, ऐसे गिरानी के समय में हर चीज के बड़े ऊंचे दाम चढ़ते जा रहे हैं और सरकार उनको रोकने में असफल हो चुकी है तो ऐसी हालत में यह लगान बढ़ाना अनुचित होगा। जब हम यहां यह बात लाते हैं तो हमारी सरकार यही कहती है कि यह राज्य सरकारों का काम है, यहां से केन्द्र से कुछ नहीं हो सकता। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि ऐसे समय में जब यह प्रश्न आता है तो वह भागने की कोशिश करती है, सरकार को चाहिए कि वह राज्य सरकारों को इस बात के लिए बाध्य करे और हिदायत करे कि वह ऐसे संकट के समय में टैक्स या लगान कतई न बढ़ाये और वसूली न करे। अभी हाल में मैंने उत्तर प्रदेश में देखा है कि धान पर 60 प्रतिशत गवर्नमेंट ने मांग की है

[श्री सहटन चौधरी]

और 60 प्रतिशत लेने के लिए भी कानून बनाया है । लेकिन मैं देखता हूं कि ब्लैक मार्केटिंग करने वाले ही सब धान उठाकर रातों रात चावल बनाकर इधर उधर बिहार साहब में और बाहर भी इस तरह से भेज देते हैं लेकिन वहां सरकार की मशीनरी उनको पकड़ने में बिलकुल असमर्थ हो चुकी है । ऐसी हालत में मैं सरकार से यह प्रार्थना करूंगा और कहूंगा कि इन बातों पर थोड़ा विचार करे जिससे कि हमारे देश की खाद्य स्थिति, सेना की कमी और गरीबी दूर हो सके । यही मुझे कहना है ।

श्री हुकम चन्द कछवाय : उपाध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह खाद्य समस्या इतने महत्व का विषय है कि इसको ध्यान में रखते हुए इस पर एक घंटा समय और बढ़ा दें । एक घंटे तक हम और बैठेंगे . . . (व्यवधान) मैं प्रस्ताव रखता हूं कि 1 घंटा समय बढ़ा दिया जाय ।

Mr. Deputy-Speaker: Now, we shall have to take up the half-an-hour discussion. If the Members are here and keep the quorum, we can sit for one hour more after the half-an-hour discussion is over.

Shri C. Subramaniam: I would like to submit that there is a Cabinet meeting today which I have to attend.

Shri A. P. Sharma: We are prepared to sit late. We want that more time should be given. We have approached the Speaker in a joint petition for the allotment of more time. We have also approached the Minister of Parliamentary Affairs. We are prepared to sit late, because the problem is so serious. If still you do not extend the time, we cannot understand.

Mr. Deputy-Speaker: The Food Minister has a Cabinet meeting to attend. If the House does not insist upon the presence of the Food Minister and his Deputy can remain here, we can continue for one hour more after 5.30 p.m.

Some hon. Members: Yes.

Shri Sonavane: This extra one hour may not be counted in the 18 hours allotted.

Mr. Deputy-Speaker: It will be counted.

---

17 hrs.

KERALA CULTIVATORS*

Shri Vasudevan Nair (Ambalapuzha): I have sought to raise this half-hour discussion on certain points arising out of a question on 24 November regarding the sorrowful plight of a few hundred families resettled in a place far away from their original place of residence. They are peasant families. The hon. Minister gave me a reply as follows:

> "Government have received representations from the settlers pointing out their difficulties and asking for further concessions.
>
> Proposals to give more bamboos and cadjan leaves, free supply of banana suckers, vegetable seeds etc. are under consideration of Government".

Through this half-hour discussion, I would like to highlight the tragic and sorrowful story of a few hundreds of our cultivator families in Kerala State. It has a background. I do not wish to take much time to elaborate all the details as far as the background is concerned. But I may briefly point out that this is not just a question of a few hundred families who are immediately involved. As a

*Half-An-Hour Discussion.